# ITL Public School
## Summative Assessment 1(2014-15)

तिथिः **26•09•14** कक्षा ः आठवीं

हिंदी **Set A**

समयः **3** घंटे कुल अंक–**90**

आवश्यक निर्देश—

1. कृपया जाँच लें कि इस प्रश्न पत्र में कुल **4** पृष्ठ और **5** प्रश्न हैं।
2. यथा संभव प्रश्नों के उत्तर क्रमशः दें।
3. लेख व मात्राओं की ओर उचित ध्यान दें।
4. कृपया प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।

**1** खंड क–पठन

दिए गए गदयांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए ः

घर वालों से शिष्ट व्यवहार करना उतना ही ज़रूरी है, जितना कि बाहर वालों से। घर में दूसरों का ख्याल रखने और अच्छा व्यवहार करने से नज़दीकी और अपनापन बढ़ता है। विनम्रता का मतलब है ,अच्छी तहज़ीब का पालन। खुद को संतुष्टि देने के साथ ही विनम्रता और शिष्ट व्यवहार के और भी कई फायदे हैं किंतु फिर भी लोग विनम्रता का पालन नहीं करते। कठोर और असभ्य लोग थोड़े समय के लिए सफल हो सकते हैं मगर ज़्यादातर लोग ऐसे व्यवहार वालों से दूर रहना चाहते हैं और आखिरकार ऐसे लोग नापसंद किए जाते हैं। बच्चों को बचपन से ही विनम्र व्यवहार की शिक्षा दी जानी चाहिए ताकि बड़े होकर वे सभ्य, समझदार और दूसरों का ख्याल रखने वाले बन सकें। एक बार विनम्र व्यवहार सीख लें तो वह उम्र भर साथ रहता है। यह दूसरों का ख्याल रखने और संवेदनशील होने के नज़रिए को दर्शाता है। ऐसी बातें बहुत छोटी और साधारण लगती हैं लेकिन इंसान को बहुत दूर तक ले जाती हैं। उदाहरण के लिए कृप्या ,शुक्रिया ,धन्यवाद और मुझे क्षमा कर दीजिए जैसे चंद शब्द जादू का– सा असर दिखाते हैं।

क• शिष्ट और अच्छा व्यवहार क्यों आवश्यक है? **2**

ख• कठोर और असभ्य लोगों का जीवन पूर्ण रूप से सफल क्यों नहीं होता? **2**

ग• बच्चों को बचपन से ही कैसी शिक्षा दी जानी चाहिए और क्यों? **2**

घ• किन शब्दों में जादू का– सा असर होता है और क्यों ? **2**

ड• विनम्रता में प्रयुक्त उपसर्ग को बताते हुए विनम्रता शब्द का अर्थ लिखिए। **2**

च• असाधारण एवं असफल शब्दों के विलोम गदयांश में से छाँटकर लिखें । **2**

**2** दिए गए पदयांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दें ः

विवश नहीं वे विकल नहीं हैं

घने अंधकार में
चमकते ज्योति कण हैं।
नहीं ज्योति आखों की
फिर भी क्या कमी दृष्टि की
देख सकते हैं खूब
ज्ञान की रोशनी से
जग की रीत न्याय– अन्याय सच–झूठ।
विवेक व्यवहार से प्रकाशित उनका जीवन
ज्योतित है अंतर्मन।
विवश नहीं हाथों के अभाव में
कर सकते हैं काम वे सब
करने की जो मन में ठान लें।
छोड़ नहीं देते अधूरा काम वे
जिसे एक बार हाथ से थाम लें।
मनोबल जिसका बाहुबल से
है कहीं ज्यादा
अक्षमताए नहीं रोक सकती
उनका अटल इरादा।

क•कविता किन लोगों की ओर संकेत कर रही है? 1

ख•दृष्टि की कमी वालों की कवि ने क्या विशेषता बताई है? 1

ग•नेत्रहीन लोगों का जीवन किससे प्रकाशित है? 1

घ•हाथों से अपंग लोगों की क्या विशेषता बताई गई है? 2

ड•उपर्युक्त काव्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए। 1

च•काव्यांश से क्या सीख प्राप्त होती है? 2

## खंड ग भाषा

3 दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए ः

क•दिए गए शब्दों में संधि करें– 2

1•अति+अंत

2•दु ः +लभ

ख•दिए गए शब्दों में संधि विच्छेद करें – 2

1•वेदांत

2•तथैव

ग•समास –विग्रह करें व समास का नाम भी बताएँ – 2

1•बेरोज़गार

2•चक्रधर

घ•समस्तपद बनाकर समास का नाम भी बताएँ– 2

1•नीला है जो कमल

2•देश के लिए भक्ति

ङ•देवनागरी लिपि की कोई दो विशेषताएँ बताएँ। 2

च•बोली व उपभाषा में उदाहरण सहित अंतर स्पष्ट करें। 2

छ•लिपि क्या है? 1

ज•व्याकरण का क्या महत्व है? 1

झ•जटिल और उज्ज्वल शब्दों के लिए विलोम बताएँ। 1

4 **खंड घ साहित्य**

क•दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं पाँच के संक्षिप्त उत्तर दीजिए ः 5

1•गावों में डाकिए को किस रूप में देखा जाता है?

2•ध्वनि कविता के कवि कलियों को कौन –सा संदेश देना चाहते हैं?

3•बिलवासी जी ने रूपयों का प्रवंध कहाँ से किया था?

4•दीवानों की हस्ती कविता में दीवाने किसे कहा गया है?

5•बदलू का स्वभाव कैसा था?

6•कवि ने अपनी कविता का नाम ध्वनि क्यों रखा होगा?

ख•दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर विस्तार से दीजिए ः 12

1•पत्र लेखन की कला के विकास के लिए क्या– क्या प्रयास हुए?

2•दीवानों की हस्ती कविता का मूल भाव स्पष्ट कीजिए।

3•लोगों ने यह सलाह क्यों दी कि समझदार आदमी इस शाम वाली बस से सफर नहीं करते?

4•मशीनी युग से बदलू के जीवन में क्या बदलाव आया?

5•कामचोर कहानी क्या संदेश देती है?

ग•गदयांश ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए ः

अगर आज जैसे संचार साधन होते तो पंडित नेहरू अपनी पुत्री इंदिरा गाँधी को फोन करते पर तब पिता के पत्र पुत्री के नाम नहीं लिखे जाते जो देश के करोड़ों लोगों को प्रेरणा देते हैं। पत्रों को तो आप सहेजकर रख लेते हैं पर एस•एम•एस संदेशों को आप जल्दी ही भूल जाते हैं। कितने संदेशों को आप सहेजकर रख पाते हैं तमाम महान हस्तियों की तो सबसे बड़ी यादगार या धरोहर उनके दवारा लिखे गए पत्र ही हैं। भारत में इस श्रेणी में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी को सबसे आगे रखा जा सकता है। दुनिया के तमाम संग्रहालय जानी मानी हस्तियों के पत्रों का अनूठा संकलन भी हैं।

1•पंडित जवाहर लाल नेहरू ने किसे पत्र लिखा था?

2•नेहरू जी दवारा लिखे गए पत्रों की आज क्या भूमिका है? 1

3•पत्र और एस•एम•एस संदेशों में क्या अंतर है? 1
4•विरासत शब्द का क्या अर्थ है? 1
घ•पदयांश ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए ः 1

हम दीवानों की क्या हस्ती
हैं आज यहाँ कल वहाँ चले
मस्ती का आलम साथ चला
हम धूल उड़ाते जहाँ चले।

1•कवि एवं कविता का नाम लिखें।
2•दीवाने एक स्थान पर क्यों नहीं टिकते हैं?
3•काव्यांश से मुहावरा छाँटकर वाक्य प्रयोग करें।
4•काव्यांश के आधार पर दीवानों की दो विशेषताएँ लिखें। 1
ड•किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए ः 1
1•बिंबिसार की बातों का सिदधार्थ पर क्या प्रभाव पड़ा? 1
2•राजकुमार सिदधार्थ की शिक्षा –दीक्षा का वर्णन करें। 1
3•सिदधार्थ से अलग होने पर छंदक और कंथक की दशा का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए। 5

5 **खंड घ– लेखन**

क•नियमित रूप से खेलने और व्यायाम करने की सलाह देते हुए अनुज को पत्र लिखें। 5
ख•किसी एक विषय पर लगभग 150शब्दों में अनुच्छेद लिखें ः 5
1•कंप्यूटर आज की आवश्यकता या समय का दुरूपयोग।
2•वर्षा ऋतु मेरी प्रिय ऋतु
ग•परीक्षा की तैयारी के संबंध में दो मित्रों की बातचीत को संवाद रूप में लिखें। 5
घ• इंडिगो विमान सेवा ने दिल्ली से कानपुर विमान यात्रा सेवा आरंभ की है ।इसके लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार करें। 5
ड•दिए गए चित्र को देखकर अपने विचार व्यक्त करें ः 5

